प्रभात खबर की ओर से हॉकर्स के बीच सामग्री का वितरण

प्रतिनिधि ▷ बोआरीजोर

ललमटिया क्षेत्र के अंबा गांव में प्रभात खबर की ओर से हॉकर्स के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया. इस कार्य में प्रदान संस्था एवं साक्षी महिला संस्था का सहयोग रहा. जिला परिषद सदस्य राम जी साह के द्वारा हॉकर मजरूल अंसारी एवं अजय कुमार मंडल को 10 किलो चावल, एक किलो दाल, दो किलो चूड़ा, आलू, रिफाइंड तेल, सरसों तेल, साबुन, सर्फ, चीनी, प्याज, मसाला, नमक, आटा आदि सामान का वितरण किया गया. जिप सदस्य ने कहा कि लॉकडाउन में अखबार के हॉकर्स प्रभावित न हो इसको लेकर पहल की गयी है. हॉकर्स प्रत्येक दिन सभी के घर में सुबह-सुबह अखबार पहुंचाते हैं. जिससे देश दुनिया की सारी जानकारी हम लोगों को घर बैठे ही मिल जाती है. यह लोग देश के सेनानी हैं. इस खतरनाक वायरस में भी जनता को अपने अखबार के माध्यम से जानकारी पहुंचाते हैं. इस दौरान संस्था के द्वारा सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच भी राहत सामग्री का वितरण किया गया. इस मौके पर प्रभात खबर के प्रतिनिधि ध्रुव कुमार के साथ संस्था के अविनाश कुमार, रीना कुमारी, राधा प्रसाद साह, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे. साथ ही प्रखंड क्षेत्र के ललमटिया चौक पर इंडियन पब्लिक स्कूल के निदेशक मौलाना मैनुअल हक फैजी के हाथों पर अखबार के दो हॉकर अजय कुमार मंडल एवं मजरुल अंसारी के बीच 5 केजी चावल, दाल, सरसों तेल, एक बोरा मुढी, आलू आदि का वितरण किया गया.

राहत सामग्री का वितरण करते जिप सदस्य व मौके पर मौजूद प्रभात खबर के प्रतिनिधि ध्रुव कुमार.